वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 113 | शनिवार 17 अगस्त 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# 78वें स्वतंत्रता दिवस पर एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन

### राजस्थान की विकास यात्रा में सहभागी बने हर नागरिक, मिलकर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाईयों पर ले जाएंगे

## आठ माह में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसलेः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



जयपुर. कासं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में समृद्धि लाने के लिए कार्य कर रही है और पिछले आठ माह के अल्प समय में प्रदेश के विकास के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं। उन्होंने हर नागरिक से प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर राजस्थान को प्रगति की नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और आजादी के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा का अधिकार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित कर रही सरकार

शर्मा ने सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित करने जा रही है।इसके लिए आगामी पांच वर्षों में 60 हजार करोड़ रुपए खर्च कर 53 हजार किलोमीटर लम्बाई का सड़क तंत्र विकसित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में अटल प्रगति पथ के निर्माण से लेकर शहरों को जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे बनाने सहित उपखण्ड, पंचायत समिति व तहसील मुख्यालय को जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए टू-लेन सड़क बनाने जैसे कार्य किए जाएंगे। **ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन में लगभग 20 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से 6 वृहद पेयजल परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। इस वर्ष 15 हजार करोड़ रुपये व्यय कर 25 लाख ग्रामीण घरों में नल से जल पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, अमृत 2.0 मिशन में 183 शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था में सुधार के लिए 2 वर्षों में लगभग 5 हजार 180 करोड़ रुपये के कार्य किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान में असीम संभावनाएं हैं। इसी क्रम में ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के अंतर्गत प्रत्येक जिले में ''आदर्श सौर ग्राम'' स्थापित किए जाएंगे। ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न पीएसयू के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं। इनमें से चार परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कैबिनेट की मंजूरी भी प्रदान कर दी गई है।

### समाज में अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति ही पहला व्यक्ति

शर्मा ने कहा कि सरकार महिला शक्ति को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ''लखपति दीदी योजना'' में इस वर्ष 5 लाख के स्थान पर अब 15 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहला व्यक्ति मानकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है। वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में मासिक पेंशन की राशि बढ़ाने, एससी एसटी फंड और टीएसपी फंड की राशि बढ़ाकर एक हजार 500 करोड़ रुपये करने, बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम विकास योजना, गोविन्द गुरू जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजना की शुरूआत सहित कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना से प्रेरणा लेते हुए शहरी क्षेत्रों एवं कस्बों में स्ट्रीट वेंडर्स के साथ ही अन्य जरूरतमंद एवं असहाय परिवारों के लिए मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की जा रही है।

### राजस्थान बनेगा निवेश का हब

शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं पर फोकस कर रही है। राजस्थान को निवेश का हब बनाने के लिए 9 से 11 दिसंबर तक 'राइजिंग राजस्थान' का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए भी कई नवाचार कर रही है। नयी पर्यटन नीति, राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड का गठन करने के साथ ही राजस्थान टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड के माध्यम से 5 हजार करोड़ से अधिक के कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों के कार्य समय पर हों, उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए सरकार सतत प्रयत्नशील है। इसी दिशा में सिंगल विंडो-सेम डे डिलीवरी सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों की 25 सेवायें 24 घंटों में प्रदान की जाएगी।

# सुहागदशमी पर्व सम्पन्न



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद ।दिगंबर जैन धर्मावलंबियों की ओर से गुरुवार को सुहाग दशमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने अपने पति के दीर्घायु होने की कामना को लेकर निराहार रहकर उपवास किया। प्रातः से ही सुहागिन महिलाएं लहरिया धारण कर मंदिरों मे आई जहां उन्होंने विशेष पूजा अर्चना की। उपवास करने वाली महिलाओं के लिए जैन महिला महासमिति की ओर से दोपहर में विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

# दो सौ दस फुट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ कावड़िये लाए पुष्कर से जल



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

**नसीराबाद**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाकाल ग्रुप की ओर से कावड़िये गुरुवार को 210 फुट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ पुष्कर से पवित्र सरोवर का जल लेकर सायं नसीराबाद पहुंचे जहां बस स्टैंड पर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इसके बाद 210 फुट लंबे राष्ट्रीय ध्वज के साथ कावड़ यात्रियों को जुलूस के रूप में लाया गया। श्रद्धालु डीजे की धुनों पर नाचते हुए हर-हर महादेव के नारों के साथ जुलूस के साथ चल रहे थे। जुलूस बस स्टैंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ पलसानिया रोड होकर कहार मोहल्ला क्षेत्र स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचा।

# लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने स्कूल में किया झंडारोहण व पौधरोपण



जयपुर. शाबाश इंडिया

लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा आज का 78 वा स्वतंत्रता दिवस फऋट सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया। क्लब अध्यक्षा लायन सुमित्रा गोलियां और जोन चेयरपर्सन लायन महादेवी आर्य ने झंडारोहण किया। स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए लायन सुमित्रा गोलियां व लायन महादेवी आर्य ने उनको संबोधित किया, और स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भक्ति के गीत व नृत्य प्रस्तुत किये। स्कूल के 350 बच्चों में लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब की सचिव लायन राधा रानी मित्तल, क्लब की कोषाध्यक्ष लायन नीता गोयल, लायन विजिया कोठारी, लायन रानी पाटनी, लायन संजय लता बज, लायन मंजू पुरी, लायन सुजाता स्वर्णकार, लायन स्नेह लता जैन , लायन ज्योति मंत्री, लायन संतोष गुप्ता ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कॉलोनी में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया, सड़क के दोनों तरफ बड़े छायादार पेड़ लगाए गए।

# शिव स्कूल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



उदयपुर. शाबाश इंडिया

स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर चित्रकूट नगर, भुवाणा स्थित शिव पब्लिक माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पधारे जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर मोहन मीणा ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस उम्र में इन नन्हें बालकों की यह कुशलता वाकई काबिले तारीफ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पंजाब केसरी के वरिष्ठ पत्रकार ओमपाल सीलन ने कहा कि जब रात है ऐसी उजयाली तो सुबह का आलम क्या होगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिव शिक्षा प्रचार समिति के संस्थापक विनय दुबे, संस्थान अध्यक्ष तीर्थमणी, सचिव राधा रमण मिश्रा, विद्यालय प्रधानाध्यापक श्रीमती प्रियंका, वरिष्ठ अध्यापक उषा दुबे, गीता चौधरी, सुगन कुंवर एवं समस्त अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

## सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में प्रतिदिन हो रही भक्तामर दीपार्चना सान्निध्य गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी जिला - टोंक (राज.) में विराजमान प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सम्पूर्ण विश्व में धर्म का परचम फहराने में प्रयासरत है । पूज्य माताजी अपने शिष्यों व व्रती आश्रम के व्रतियों को धर्म का पाठ पढ़ाने के साथ साथ उन्हें सेवा के महत्व का भी फल बता रही है। माताजी ने उपस्थित जनसमूह को सेवा का फल बताते हुए कहा कि वह व्यक्ति अपने जीवन में सबसे ज्यादा खुश रहता है जो इंसानियत के नाते सबकी सहायता करता है । खुद को खोजने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि खुद को दूसरों की सेवा में खो दो। पूज्य गुरु माँ के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य सीमा राहिल पहड़िया सांभर लेक व ज्ञानस्वरूप जी गुलाबपुरा वालों ने प्राप्त किया। सीमा राहिल पहाड़ियां ने एक दिन का चातुर्मास संयोजक बनकर माताजी ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या करवाई। साथ ही मालवीय नगर से 7 के गुरु भक्तों को भी यह अवसर मिला। सीमा जैन ने सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ पर आकर भक्तामर दीपार्चना करवाने का अवसर प्राप्त कर पूज्य गुरु माँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। 78 वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को मिशन ग्राउंड में सामूहिक रूप से समारोह पूर्वक मनाया गया। उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव ने ध्वजारोहण किया। यादव ने मार्च पास्ट की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। विधायक प्रतिनिधि कैलाश लाम्बा, पूर्व विधायक रामनारायण गुर्जर, महेंद्रसिंह गुर्जर, पुलिस उप अधीक्षक विजय सांखला, छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉ नितीश गुप्ता, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में शिक्षण संस्थानों के छात्रों ने व्यायाम प्रदर्शन किया। वहीं विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी देवीलाल यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयों, समाजसेवियों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# जो व्यक्ति अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठावान नहीं वह भारतीय नहीं : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** आजादी के 77 वर्ष वीत गये फिर भी देश पिछड़ा हुआ है जब तक 'भारत' गरीबी, अशिक्षा, वेरोजगारी, और भृष्टाचार से मुक्त नहीं हो जाता तब तक इस आजादी का कोई महत्व नहीं उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने अभयप्रशाल में राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि गुरु देव ने कहा कि जो जज्वात स्वतंत्रता के पहले दिखाई देते थे वह आज दिखाई नहीं देते, आज से लगभग तीस साल पहले किसी ने गुरुदेव से कहा कि 'भारत अब विकासशील भारत बनता जा रहा है,तो गुरुदेव ने उसे जबाव देते हुये कहा था 'भारत' शीलवान बना रहेगा,तो विकास अपने आप हो जाऐगा मुनि श्री ने चार बातें कही जिसमें पहली बात 'सांस्कृतिक निष्ठा' जगाने की थी, वही दूसरी बात 'भारत औरभारतीयता प्रमुखता के रुप में'' तथा तीसरी बात प्राचीन भारत को भारत का आदर्श बनाने, चौथी बात राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करने की बात कही उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो हमें हमारी सांस्कृतिक निष्ठा को जगाना होगा सबसे ज्यादा यदि ह्रास हुआ है तो हमारी संस्कृति का ही हुआ है, वर्तमान मेंअप संस्कृति हांबी है और हम लोग ही उसे बढ़ावा दे रहे है,केबल व्यवस्थागत दोष देने से कुछ नहीं होगा हमें अपनी आदतों को बदलना होगा आज हम खुद विदेशी कपड़े पहनकर टी सर्ट पर लंदन अमेरिका लिखकर उनके मुफ्त के प्रचारक बने हुये है। अकेले आजादी से ही हम स्वराज स्थापित नहीं कर सकते, जब तक हमारी मानसिकता देश के साथ नहीं जुड़ेगी तब तक इस आजादी का कोई मतलब नहीं हमारी वेशभूषा ,भोजन,तथा कल्चर पूर्णतया स्वदेशी हो, देश के अंदर राष्ट्रहित सर्वोपरि होंना चाहिये। मुनि श्री ने कहा कि आज देश में निष्ठावान लोगों के स्थान पर गद्दारों की संख्या बड़ती जा रही है, निष्ठावान और ईमानदार व्यक्ति को ढूंढना बड़ा कठिन होता जा रहा है। एक बार एक जिन्न बोतल से बाहर आ गया और वह मालिक से बोला कि मुझे काम बताइये यदि नहीं बताया तो मैं तुम्हें खा जाऊंगा मालिक बड़ा परेशान हो गया क्यों कि वह जो भी कार्य बताते वह जिन्न फोरन करके लेआता खैर उसके दिमाग में एक बात आई और उसने जिन्न से कहा कि जिन्नभाई भारत में एक ईमानदार नेता को ढूड़ कर लाओ तो कहते है कि वह जिन्न आजतक उस नेता को नहीं ढूड़ कर नहीं ला पाया उन्होंने कहा कि जब देश पराधीन था तो व्यवस्थायें विदेशी हुकूमतों के हाथों में थी लेकिन हमारी चेतना स्वाधीन थी आज भारत स्वाधीन है लेकिन हमारी चेतना पराधीन हो गई अपसंस्कृति भारतीय संस्कृति पर इतनी आधिक हांवी हैअंग्रेज चले गये लेकिन विरासत में अपसंस्कृति और अंग्रेजियत को छोड़ गये हमारी शिक्षानीति जिसमें गुरुकुल शिक्षा थी उसके स्थान पर बाबू बनाने के लिये अंग्रेजी शिक्षा को छोड़गये मुनि श्री ने कहा कि आप चाहते हो कि भारत में विदेशी संस्कृति को बढ़ावा न मिले तो सबसे पहले अपसंस्कृति को छोड़ना होगा जो व्यक्ति अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठावान नहीं वह भारतीय नही पूज्य गुरुदेव ने राष्ट्र भाषा हिंदी को बढ़ावा देते हुये कहा था कि भारत के सभी प्रशासनिक कार्य हिंदी में होंना चाहिये भारत को भारत कहो का राष्ट्रीय स्तर पर अभियान छेड़ा लेकिन क्या कहें अंग्रेज चले गये लेकिन विरासत में अपसंस्कृति को छोड़ गये,यह भारत है जंहा अंग्रेजी बोलने बाला साहब बन जाता हैऔर जो अपनी मातृ भाषा को बोलने बाला अनपढ और जाहिल समझा जाता है उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्थायें कितनी विचित्र बन रही है जिनके हाथ में देश की व्यवस्थाऐं है,उनको तथा देश के प्रत्येक नागरिक को आज चिंतन करने की आवश्यकता है। मुनि श्री ने राष्ट्रीय कबि मैथिली शरणगुप्त की ये पक्तियां हम कौन थे और क्या हो गये ?और क्या होंगे अभी,आओ सुलझाऐं बैठकर समस्याएं सभी उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक निष्ठा का जागरण, भारत और भारतीयता को बडाबा, प्राचीन भारत को आदर्श बनाया जाऐ तथा राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण की और ध्यान दिया गया तो भारत को पुन्हा सोने की चिड़िया और विश्वगुरु बनने का स्थान मिल सकता है। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया78 बे राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर अभयप्रशाल स्पोर्ट्स क्लव मे ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुये कार्यक्रम की शुरूआत मंगलाचरण एवं आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के चित्र अनावरण से हुई। कार्यक्रम की संयोजना एवं संचालन अनामिका मनोज जैन बाकलीवाल ने किया समिति के अध्यक्ष अशोक रानी डोशी जैन महामंत्री हर्ष जैन,नवीन आनंद गोधा, एवं दिगम्बर जैन समाज समाजिक सांसद मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन सहित कई समाज जन उपस्थित हुए सभी पदाधिकारियों ने अभयप्रशाल स्पोर्ट्स क्लव तथा जैन शोसलग्रुप का आभार प्रकट कर सम्मानित किया धर्मप्रभावना समिति के सभी पदाधिकारीओ ने आभार प्रकट किया प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया 16-17-18 अगस्त को विश्वस्तरीय भावनायोग का आयोजन अभयप्रशाल में प्रातः6 बजे से8ः15 तक रहेगा भावनायोग की किट वितरण का कार्य चातुर्मास स्थल मोहताभवन में चल रहा है इस कार्यक्रम में सभी धर्म जाति के लोग शामिल होकर तन को स्वस्थ करें मन को पवित्र कर मानसिक अवसाद और जटिल बीमारियों से छुटकारा पाइये। धर्म सभा का संचालन अभय अशोक व्रहमचारी भैया ने किया।

## वेद ज्ञान

### महामारी के बाद

कोरोना महामारी के बाद का समय नए वर्ष की तरह ही होगा क्योंकि कोरोना महामारी का समय सभी बुरे वर्ष की तरह भूलना चाहते हैं। बीते समय की सीख नए समय व नए वर्ष का व्याकरण है। नए वर्ष को नए उत्साह व नई दृष्टि के लक्ष्य अवसर के रूप में होना चाहिए। नए समय में पुरानी रीति-नीति से नहीं चला जा सकता। परंपरा के कुछ आधार लिए जा सकते हैं, किंतु पथ नया संदर्भ चाहता है। आप नए समय के पूवार्नुमान को गलत, सही दोनों रूपों मे ले सकते हैं। दूरदर्शिता व पूवार्नुमान दो अलग-अलग विषय हैं। नए साल को दूरदर्शी तरीके से देखने का अर्थ है- संवेदनपटुता, विचारशीलता व बुद्धिमता। सत्ता संघर्ष में सब कुछ ग्राह्य होने के सिद्धांत ने सहनशीलता में कमी की है। उग्रता का परिप्रेक्ष्य इतना बढ़ चुका है कि पृथ्वी देशों की सीमाओं पर होने वाले अमानुषिक संघर्ष से दबी जा रही है। क्या मनुष्य जान माल व उसकी इयत्ता का कोई मूल्य नहीं रह गया। क्या मनुष्य जाति को स्थूल प्रश्नों में उलझा कर उसका सहज ध्रुवीकरण रोका नहीं जा रहा है, क्या तकनीक के अग्रगामी लक्षण के बदले उसे सिर्फ उपकरण में तब्दील नहीं किया जा रहा। मैं अभी गांव में हूं। जो पीली सरसों फूली है, क्या वह नए वर्ष का द्वार नहीं हो सकती, क्या किसान को उसकी कारुणिक स्थिति से उभरने का उत्ताप नए समय में नही लिया जाना चाहिए जो भूखे हमारे शहरों में कूड़े के ढेर से सुगंध की परवाह किए बगैर अन्न के दाने ढूढ़ते हैं। वे हमारी नवीनता को चुनौती नहीं होनी चाहिए, आप कहते हैं- प्रकृति इस शस्य श्यामला, सुजला, सुफला सृष्टि फूल फल धान्य से भर देती है, किंतु हमने ही प्रकृति को दूषित व मनुष्य रोधी बनाना शुरू कर दिया है कि उसकी स्वाभाविक सुगंध नष्ट हुई चली जा रही है। दरअसल एकवचनात्मकता तक रुक जाना नए वर्ष में छोड़ना होगा। हमें बहुवचनात्मकता की ओर बढ़ना होगा। हमें अपने में औरों के लिए भी जगह तलाशनी होगी। हाशिए के जन मुख्यधारा में लाने होंगे। सिंथेटिक से ज्यादा नैसर्गिकता पर भरोसा जगाना होगा। विचार, धर्म, राजनीति, नस्ल, जाति, क्षेत्र को विभेद के कारण के रूप में नहीं लेना होगा। इन्हें सहज समन्वय का आधार बनाना होगा। जो कालखंड बीत गया, वह वापस कभी नहीं लौटेगा, किंतु जो नया वर्ष हम जी रहें हैं उसे चाहें तो सकारात्मक, आत्मीय व प्रत्यक्ष बना सकते हैं, जिसमें मांगल्य, प्रगति व समानता तथा भयहीनता संबोधित हो।

## संपादकीय

# हालात की गंभीरता न समझ पाना बड़ा सवाल



इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसमें सुधार और सख्ती का सवाल सरकार के लिए शायद अब भी नजरंदाज करने लायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस वारदात के बाद लोगों के भीतर दुख और आक्रोश है और अस्पताल के भीतर सुरक्षा इंतजामों पर उठने वाले सवाल भी स्वाभाविक हैं। मगर इसकी आड़ में कुछ लोगों की भीड़ को अराजकता पैदा करने की छूट नहीं मिल जाती है। गौरतलब है कि महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में बुधवार की रात डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से लोगों की एक भीड़ आई और उसने हिंसा और व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ की। खबरों के मुताबिक, उस भीड़ में शामिल लोगों ने प्रदर्शन स्थल, वाहनों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। यहां तक कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग को भी नहीं बख्शा गया और सीसीटीवी की भी तोड़फोड़ की गई। एक बेहद त्रासद घटना पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से पहुंची भीड़ ने जो किया, वह या तो सुनियोजित लगता है या फिर पूरी तरह अराजक। अब एक ओर वहां सत्ताधारी से लेकर विपक्ष के सभी दल हिंसा करने वाली भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि यह घटना भ्रामक प्रचार अभियान की वजह से हुई। सवाल है कि जिस अव्यवस्था की वजह से एक डाक्टर की हत्या कर दी गई, उसके बाद भी पुलिस और प्रशासन को स्थिति की गंभीरता क्यों नहीं समझ में आई। सरकार का दायित्व क्या था? अस्पताल परिसर में एक अपराध के हो जाने के बावजूद वहां सुरक्षा व्यवस्था की हालत यह थी कि कोई अराजक भीड़ वहां घुसी और उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। इससे अचानक उपजी परिस्थिति से निपटने की पुलिस की क्षमता और इच्छाशक्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि इस संवेदनशील मामले पर सरकार से लेकर सभी पक्ष हर स्तर पर कानूनी तकाजों को पूरा करने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पर जोर दें, ताकि इंसाफ सुनिश्चित हो सके। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नई चुनौतियां

बांग्लादेश में शेख हसीना की सत्ता के तख्तापलट और अमेरिका तथा जापान सहित दुनिया के कई देशों में मंदी के परिदृश्य के बाद भारत में विदेश व्यापार घाटे की नई चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश भारत का आठवां सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। पिछले वर्ष भारत ने बांग्लादेश को ग्यारह अरब डालर मूल्य का निर्यात किया। ऐसे में देश के समक्ष विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को कम करने और निर्यात बढ़ाने की नई जरूरत है। हाल ही में वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्तवर्ष में अप्रैल से जून की पहली तिमाही में जहां निर्यात धीमी रफ्तार से बढ़े हैं, वहीं आयात की रफ्तार अधिक रहने से विदेश व्यापार घाटे में वृद्धि हुई है। इन तीन महीनों में कुल निर्यात 200.33 अरब डालर मूल्य का था, जिसमें वस्तु निर्यात 109.96 अरब डालर और सेवा निर्यात 90.37 अरब डालर मूल्य का था। कुल आयात 222.90 अरब डालर मूल्य का था, जिसमें वस्तु आयात 172.23 अरब डालर और सेवा आयात 50.67 अरब डालर मूल्य का था। इस वित्तवर्ष में भारत ने कुल निर्यात का लक्ष्य पिछले वर्ष से कुछ अधिक 800 अरब डालर पर पहुंचाने का सुनिश्चित किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी की वजह से निर्यात का यह ऊंचा लक्ष्य प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में रणनीतिक रूप से विदेश व्यापार के बढ़ते घाटे को नियंत्रित करने और निर्यात की रफ्तार बढ़ाने के अभियान पर आगे बढ़ना होगा। इसके लिए पांच तरह के बहुआयामी उपाय करने होंगे। एक, भारत के विदेश व्यापार में नई जान फूंकने के लिए द्विपक्षीय वार्ताएं बढ़ाई जाएं। दो, वर्ष 2024-25 के बजट में निर्यात बढ़ाने के लिए सुनिश्चित किए गए बजट आबंटनों का शुरू से ही कारगर उपयोग किया जाए। तीन, सेवा निर्यात को हर संभव तरीके से बढ़ाया जाए। चार, निर्यातकों को शुल्क के अलावा आने वाली बाधाओं (नान-टैरिफ बैरियर) से राहत दी जाए और पांच, नए संभावित निर्यात बाजार तलाशे जाएं। इसमें कोई दो मत नहीं कि सरकार विश्व व्यापार की चुनौतियों के बीच निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे को कम करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। पिछले महीने नई दिल्ली में 'बिम्सटेक' (बंगाल की खाड़ी के आसपास स्थित देशों का संगठन) में भारत ने नई जान फूंकने की कोशिश की। भारत लगातार द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का प्रयास तथा 'पड़ोस प्रथम', 'एक्ट ईस्ट' और सागर नीति के तहत आपसी सहयोग बढ़ाने की पहल कर रहा है। इसी तरह रूस सहित मित्र देशों और विभिन्न विकसित देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं से कारोबार बढ़ाने की नई कवायद शुरू की है। नए बजट में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करते हुए आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने के प्रावधान किए गए हैं। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि विनिर्माण क्षेत्र देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास खयाल रखा गया है। केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र की आपसी सहभागिता से 'प्लग एंड प्ले' सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। नए बजट के प्रावधानों के तहत सौ शहरों में ''प्लग एंड प्ले'' सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क विकसित होंगे। बजट में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) का निर्यात बढ़ाने और आयात में कमी के मद्देनजर प्रावधान है। इसमें मशीनरी की खरीदारी के लिए 'क्रेडिट गारंटी स्कीम' शुरू की गई है।

# थर्मल गेट पर ठेका श्रमिकों ने हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय पर्व

## बरसात भी कम ना कर सकी देशभक्ति का जज्बा



**कोटा. शाबाश इंडिया।** 15 अगस्त देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह थर्मल के ठेका श्रमिकों द्वारा थर्मल गेट स्थित हिन्द मजदूर सभा कार्यालय पर हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में एच एम एस के प्रदेश सचिव एवं यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी द्वारा झण्डारोहण किया गया लगातार हो रही बारिश भी ठेका श्रमिकों में देशभक्ति का जज्बा कम नहीं कर पाई सभी मजदूर थर्मल गेट पर इकट्ठे हुए और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी एवं महासचिव बद्रीलाल शर्मा ने अपने उदबोधन में उपस्थित सदस्यों को आजादी के इस दिन के महत्व को समझाते हुए आजादी के लिये न्यौछावर हुए शहीदों से प्रेरणा लेकर अपने वतन के प्रति वफादार बनकर तिरंगे का मान रखते हुए देशहित में कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष आजाद शेरवानी महासचिव बद्रीलाल शर्मा, महावीर शर्मा, जगदीश मेहरा, ब्रजेश नामा, भगतसिंह शक्तावत, नन्द किशोर महावर, राजेन्द्र प्रजापत, बिरधीलाल नागर, पप्पू खान, मोहन मेघवाल, अनिल मेहरा, रामस्वरूप, राजेश भट्ट, अशोक कुमार राय, रामगोपाल, बृजमोहन महावर, शोभाराम, संजय सेनी, तफज्जुल हुसैन, गणेश लाल, विनोद पंडित, कुन्दन सिंह इत्यादि पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# जैन सोशल ग्रुप गोल्ड और कासा हाइट्स सोसायटी ने मिलकर मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देश के 78 वे स्वतंत्रता दिवस पर जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड और कासा हाइट्स सोसायटी ने मिलकर मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह। गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा और अध्यक्ष राजकुमार बेद ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी बंधुओं ने अपनी देश भक्ति की भावना के साथ देशभक्ति के नारे लगाए और देशभक्ति के तराने योगेश गोधा को और राकेश गोधा ने सुनाए। ये देश है वीर जवानों का इस गीत पर सभी ने मिलकर नृत्य किया और अपनी देश प्रेम की भावनाएं उजागर की। कासा हाइट्स सोसायटी के सचिव नमन माहेश्वरी और



कार्यक्रम संयोजक दिनेश गोधा के अनुसार कार्यक्रम में विधानसभा नगर अ कालोनी के विभिन्न अपार्टमेंट्स में रहने वाले नागरिक और जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के सदस्यों ने मिलकर झंडारोहण किया, जन गण मन गाकर माहौल को देश भक्ति के नारों से गुंजायमान कर दिया। जैन सोशल ग्रुप गोल्ड के तत्वावधान में कासा हाइट्स बिल्डिंग सोसायटी के सहयोग से किए गए इस आयोजन में बहुत सारे बच्चों ने झंडे लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम्के नारे लगाए, उन बच्चों और उपस्थित नागरिकों को संचालन कर रहे राकेश गोधा ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व को बताते हुए कहा कि ये दिन हमें हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्हीं की बदौलत हम आज एक आजाद देश में सांस ले पा रहे है। कार्यक्रम में सुरेंद्र रूपल पाटनी, भरत प्रतिभा जैन, सुनील अनीता जैन, हितेश अग्रवाल, भगत राणा, जीतेश निर्मल लुहाड़िया, योगेश सुमन गोधा, सरिता गोधा, रितिका चतुर्वेदी, नीलू गोधा, प्राची गोधा,अभिषेक बागायत वाले, मुकेश पापड़ीवाल, राजेश सोगानी, लक्ष्य जैन, विपिन मेनू बेद, मीत लुहाड़िया, सम्यक गोधा , मनीष, आयुष जैन, विक्रम जैन, अजय अग्रवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने देशभक्ति के इस आयोजन की खूब खूब अनुमोदना की।

# पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित



**कोलकत्ता. शाबाश इंडिया।** 15 अगस्त के उपलक्ष में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी संप्रदायों के साथ जैन समाज बौद्ध मुस्लिम हिंदू सिख इसाई सभी के प्रतिनिधि थे। साहिल जैन एवं दिनेश गंगवार सर्व धर्म की ओर से इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए पूरे जैन समाज के लिए बड़ा गर्व का विषय है।

# व्यापार मण्डल हल्दियों का रास्ता में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण कार्यक्रम




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** व्यापार मंडल हल्दियो के रास्ते द्वारा बुलियन बिल्डिंग प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में जयपुर की सांसद श्रीमति मंजू शर्मा ने झंडारोहण किया वह अपने संबोधन में सभी व्यापारियों को स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता चंद्रमोहन बटवाडा, अजय यादव पुलिस अधिकारी डॉक्टर हेमंत जाखड़ ,माणक चौक थाना इंचार्ज गुरु भूपेंद्र सिंह ने भी सभी व्यापारियों को स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेन्द्र बज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए व्यापार मंडल की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग व्यापार मंडल क्षेत्र में नहीं करने का निर्णय लिया है। महामंत्री राम प्रसाद कारोडिया ने धन्यवाद दिया व कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को अल्पाहार के लिए आमंत्रित किया। व्यापारियों ने कार्यक्रम की के बाद अपने प्रतिष्ठान खोले।

# राष्ट्रयोगी का राष्ट्र के नाम संदेश-चक्रवर्ती भरत का भारत समृद्ध रहे: श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज

**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

नई दिल्ली। श्री दिगम्बर जैन मंदिर कृष्णा नगर दिल्ली में परम पूज्य जिनागम पंथ - प्रवर्तक भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज के विशाल चतुर्विध संघ का भव्य चातुर्मास सम्पन्न हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पूज्य आचार्य श्री विशेष प्रवचन रखा गया। देशभक्ति से मीत प्रीत मंगल गीतों से धर्मसभा का शुभारंभ हुआ । आचार्य श्री विरागसागर जी के पावन चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं गुरुपूजन कर आचार्य भगवन्-से धर्माप्रदेश के लिये निवेदन किया गया। आचार्य प्रवर ने अपने धर्मोप्रदेश में राष्ट्र के नाम अपना संदेश प्रेषित करते हुए कहा मैं चाहता हूँ प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव के पुत्र चक्रवर्ती भरत का यह भारत देश सदा खुशहाल, सम्पन्न और समृद्ध रहे। भारत देश में भौतिक समृद्धि के साथ माध्यामिक समृद्धि का भी सदा स्वागत ही । भारत देश का हर नोजवान हिंसा को छोड़ अहिंसा में विश्वास रखे और विश्वभर में अहिंसा की अलख जगाये। भारत की नारी शक्ति सीता, अंजना, चंदनवाला की आदर्श मानकर आगे बढ़े जिससे नारी, स्वाभिमान के साथ सम्मान पूर्वक जीना सीख सके। भारत देश में कभी भ्रूण हत्या न हो। कन्या भ्रूणहत्या विकलांग चिंतन की उपज है, जो सर्वथा अनैतिक है, साथ ही ब्रह्म हत्या की दोषी। भारत देश की युवाशक्ति नशीनें चीजें गुटखा, शराब, सिगरेट ड्रग्स तथा व्यसनों से दूर शाकाहार, योग तथा मातापिता की सेवा कको कर्तव्य सममें। भारत देश का प्रत्येक वर्ग साधु, शिक्षक, राजनेता, सैनिक, पुलिस, छात्र- छात्राएँ एवं सामाजिक संगठन सभी कर्तव्य निष्ठ बने और अपनी मयशि में रहते हुये कर्तव्य पालन करें। भारत देश का नागरिक समृद्ध बने। शादी में धन का अपव्यय न करें शादी में लाखो का खर्च, किसी चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक-धार्मिक क्षेत्र में लगाकर खुशियों चिर स्थायी करें। प्रवचन के उपरान्त देशभक्ति से जुड़ी अनेक श्रमिकाये प्रस्तुत की भी आज के श्रावक श्रेष्ठी अरिहंत जैन परिवार भी प्राप्त हुआ






## वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप राष्ट्र रक्षा का संकल्प लें : देवनानी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने विधानसभा में किया झण्डारोहण। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर स्पीकर ने दी प्रदेशवासियों को बधाई।



# सुबोध महाविद्यालय द्वारा मनाया हर घर तिरंगा अभियान




जयपुर. शाबाश इंडिया। एस एस जैन सुबोध महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर के बी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन शर्मा, डॉ विशाल गौतम, डॉ बाबूलाल शर्मा द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। इसके अतिरिक्त 13 अगस्त को तिरंगा मैराथन यात्रा में 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने भागीदारी की। जिसके मुख्य अतिथि भजन लाल शर्मा (मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार) थे। कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा विभिन्न घरों और संस्थानों में तिरंगा वितरित करके उनसे निवेदन किया गया कि वह अपने घरों पर यह तिरंगा जरूर फहराएं। उनके द्वारा इसके महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

# राष्ट्र धर्म सर्वोत्कृष्ट: मुनि अर्चित सागर




जयपुर. शाबाश इंडिया। राष्ट्र धर्म सर्वोत्कृष्ट है सच्चा देश भक्त वही है जो धर्म, समाज जाति, परिवार व स्वयं से ऊपर अपने देश को रखता है । आज हमारे भारत की साख पूरे विश्व में उच्च स्थान पर इस लिए ही है कि यहाँ देश पर बलिदान होने बालो की एक लम्बी सूची है । हमारी सेना विश्व की उत्कृष्ट सेनाओं में से एक है । उक्त उद्गार बरकत नगर में वर्षायोग 2024 के अन्तर्गत विराजित महातयस्वी ' षटरस एवं पूर्ण हरी त्यागी पूज्य मुनि श्री अर्चित सागर जी ने स्वतन्त्रता दिवस पर बरकत नगर जैन मदिर में प्रवचन के दौरान व्यक्त किए । बषायोग संयोजक सतीश जैन अकेला ने बताया कि प्रवचन से पूर्व आज विषेश अभिषेक व शान्ति धारा की गई। इसके बाद पूज्य मुनि श्री के पावन सान्निध्य में पुण्यार्जक व अध्यक्ष चक्रेश कुमार जैन के साथ उपस्थित समाज ने मन्दिर प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा देश के समस्त प्राणियों की सर्वांगीण खुशहाली की कामना की।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अजितनाथ द्वारा हरियाली तीज एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**सोनल जैन. शाबाश इंडिया**

भिंड। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अजितनाथ भिण्ड के अध्यक्ष अल्पना-पंकज जैन द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2024 को हरियाली तीज, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि संजीव श्रीवास्तव (कलेक्टर भिण्ड) व उनकी धर्मपत्नी रूचि श्रीवास्तव थे। प्रोग्राम की शुरूआत ग्रुप की महिलाओं द्वारा अतिथियों को तिलक व रक्षासूत्र बांधकर अभिवादन किया गया। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा लेकर एक रैली निकाली गयी उसके पश्चात भिंड कलेक्टर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मंगलाचरण नेन्सी जैन द्वारा किया गया, ज्योति जैन ने हरियाली ब्यूटी क्वीन का खिताब जीता। तत्पश्चात डब्बा पार्टी का आयोजन किया गया। गेम में राखी व नेन्सी जैन प्रथम रही। कार्यक्रम की संयोजिका संगीता जैन पवैया, सुधा जैन, हेमू जैन पार्षद, संध्या जैन, गौरी जैन थीं। सहयोग राकेश जैन (बच्चू), राहुल जैन (पार्षद पति), सुनील जैन पीपरी, महेन्द्र जैन, विकास जैन, विनय जैन, मनीष जैन, राहुल जैन आदि ने सहयोग किया।



# तिरंगा हमारे घर, परिवार, समाज, देश और राष्ट्र की अस्मिता, आन, बान और शान का प्रतीक है : अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज

**कूलचारम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**



भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का 2024 का चोमासा कुलचाराम हैदराबाद मे चल रहा है। प्रवचन मे भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि हर दिल में भारत, हर हाथ में तिरंगा; एक आह्वान, एक अभियान, एक अभिमान के संग,वन नेशन, वन इमोशन, वन आइडेंटिटी की भावना से हर घर फहरायेगा, भारत का तिरंगा अटक से कटक तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश में, आजादी की पावन पुनीत बेला में। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं है, यह तो प्रत्येक भारतवासी के अंतर्मन से जुड़ी कोमलतम भावना है, जो सिर्फ देश की ही नहीं हमारी भी पहचान है। तिरंगा हमारे घर, परिवार, समाज, देश और राष्ट्र की अस्मिता, आन, बान और शान का प्रतीक है; हमारी जीवंत- जाग्रत होने का। -**नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# आदर्श नगर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधा रोपण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम के तहत आज आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में पौधा रोपण किया। इस अवसर पर आदर्श नगर विधानसभा, भाजपा प्रत्याशी रवि नैयर, पार्षद नीरज अग्रवाल, जनता कॉलोनी निवासी विनोद जैन, सुधीर गंगवाल व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्व प्रसिद्ध कीर्ति स्तंभ पर तिरंगा फहराया



**दुर्ग. शाबाश इंडिया।** स्थित तीर्थंकर 1008 श्री मल्लीनाथ दिगंबर जैन मंदिर जी में जैन दिगम्बर मुनि सेवा समिति व दिगम्बर महिला मंडल द्वारा अच्छी वर्षा की कामना करते हुऐ पूजा प्रक्षाल की और हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्व प्रसिद्ध कीर्ति स्तंभ पर तिरंगा फहराया। सांस्कृतिक मंत्री लोकेश गदिया ने बताया कि समाज के अध्यक्ष पारस सोनी की अगुआई में सभी श्रावकों द्वारा इस साल अच्छी वर्षा की कामना करते हुए बड़े हर्षोल्लास से 1008 श्री मल्लिनाथ भगवान की पूजा प्रक्षाल की गई और कीर्ति स्तंभ पर तिरंगा फहराकर हमारे देश भारत की स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ बनाई गई। इस अवसर पर समाज के राजू वेद,हेमेन्द्र टोंग्या,महावीर वेद,पवन बज,सुनिल पाटनी मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष पुर्णेश गोधा महामंत्री शैलेश पाटनी, मनोज पाटनी, संजय जैन,शुभम चौधरी,निमित अजमेरा,अल्पेश गदिया,सुशील गदिया,सुनील वेद,मुकेश बेद,नितेश बेद,अनुपम सोनी, मोहित अजमेरा,दियी जैन,लोकेश गदिया,अक्षय पाटनी,यश गदिया,आयुष अजमेरा,रियांश वेद,रोहित वेद,सिद्धांत कटारिया महिला मंडल अध्यक्ष मैना बज और महिला मंडल की उपस्थिति रही।

# श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,चौमू बाग,सांगानेर पर 78 वें स्वतन्त्रा दिवस को झडारोहण कर हर्षोउल्लास के साथ मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 अगस्त को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के सुअवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के प्रागंण मे दिगम्बर जैन समाज, चौमू बाग,सांगानेर और जैन संस्कार पाठशाला-अन्तर्गत श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, सांगानेर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सौभाग्य श्रेष्ठी मूल चन्द ,प्रभास चन्द ,चम्पा देवी जैन ( पाटनी ) परिवार को प्राप्त हुआ ।उनके द्वारा मिठाई वितरण किया गया। बच्चो को पुरस्कार वितरण करने का सौभाग्य श्रेष्ठी जय कुमार, मीना जैन ( अजमेरा ) ने प्राप्त किया। पाठशाला के छात्र-छात्राओ को तथा शिक्षक गण को सम्मानित कर पुरस्कार वितरण किया ।सम्मान प्रबंध कार्यकारिणि की ओर से परामर्शक अशोक कुमार - छाबडा, उपाध्यक्ष- आशीष कुमार -जैन, महामन्त्री मुकेश कुमार मोठया,सदस्य सुरेश कुमार बडजात्या, जय कुमार अजमेरा, बाबू लाल लुहाडिया रेनवाल किया। समाज के गणमान्य महेन्द्र कुमार बडजात्या, अनिल कुमार भोंच, अशोक कुमार पाटनी,प्रदीप कुमार गगंवाल, नाथू लाल बाकलीवाल,महिला मंडल की अध्यक्षा-श्री मती सरोज देवी जैन के साथ अन्य सदस्य गण महिला मण्डल की उपस्थिती रही। अन्त मे श्री मन्दिर समिती के मन्त्री पारस मल जैन ( सोगानी ) ने सभी उपस्थित सम्मानीय महानुभाव जन सकल दिगम्बर जैन समाज का और पुण्यार्जक परिवार, जैन संस्कार पाठशाला अन्तर्गत श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, के शिक्षक गण-समस्त छात्रो को स्वतंत्रता दिवस पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाए प्रेषित कर धन्यवाद दिया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रॉयल मित्र मंडल ग्रुप ने स्वतंत्रता दिवस मनाया





जयपुर। विवेक विहार लक्ष्मण पथ छाबड़ा हाउस में रॉयल मित्र मंडल ग्रुप के द्वारा सामूहिक स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। रॉयल के सेक्रेटरी एवं कार्यक्रम के संयोजक नरेश जैन मेड़ता ने बताया कि गुरुवार को प्रातः काल 8:00 बजे से स्वतंत्रता दिवस के प्रोग्राम की शुरूआत देश भक्ति गीत के साथ हुई ।रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष अध्यक्ष दीपक सेठी ने अपने उद्बोबधन में भारत की आजादी के बारे में बताया ।संरक्षक सुरेंद्र पाटनी एवं पारस छाबड़ा ने अपने विचार व्यक्त किये ।प्रातः 9:00 बजे मुख्य अतिथि नेमीचंद छाबड़ा ,सरंक्षक सुरेंद्र पाटनी ,पारसमल छाबड़ा के द्वारा झंडा रोहण किया गया ।इस अवसर पर मोनिका जैन मेड़ता मोना सेठी, रचना ठोलिया, निशा छाबड़ा ,अल्पना पाटनी, शोभा जैन ने जन-मन गण, यह देश है वीर जवानों का, विश्व विजयी रहे झंडा हमारा, मेरा रंग डे बसंती चोला आई लव माय इंडिया गाकर बारिश की बूंद के बीच में सभी सदस्य झूम उठे और गाने के बीच में भारत माता की जय हो ,वंदे मातंरम के जयकारे गूंज उठे। कार्यक्रम में सेक्रेटरी नरेश जैन उपाध्यक्ष अमित ठौलिया,दीपक जैन, जॉइंट सेक्रेटरी प्रशांत सेठी ने आए हुए अतिथियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया। प्रोग्राम में पारसमल गंगवाल पदमचंद सौगानी,रमेश चंद्र पाटनी, बबलू रारा, ललिता छाबड़ा, सरिता पाटनी, मैना पाटनी उपस्थित थे।

# एकता में ही शक्ति हैं : विशाल कुमावत

## जेपीएस विद्यालय में नावां एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया, विद्यार्थियों ने अपने मन के भावो को रंगोली के रूप में उकेरा



**नावा सिटी. शाबाश इंडिया।** उपखंड मुख्यालय के न्यू कॉलोनी स्थित जेपीएस विद्यालय में आज नावां एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। एकता दिवस के उपलक्ष्य में जेपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने मन के भावो को रंगोली के रूप में उकेरा। इस अवसर पर जेपीएस विद्यालय की संचालिका पूजा कुमावत ने बच्चों को एकता दिवस क्यों मनाया जा रहा हैं इसके बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया की किस प्रकार से नावां के विकास के लिए पूरे नावां के हर जाति वर्ग व हर समाज के लोगो ने इसमें अपनी भागीदारी निभाई और भरपूर सहयोग किया। रेल आंदोलन की वजह से आज नावां स्टेशन की काया पलट हो रही ओर आगामी दिनों में ओर बेहतर सुविधाएं नावां वासियों को मिलने लग जाएगी। इसका सम्पूर्ण श्रेय नावां के प्रत्येक नागरिक को हैं जिन्होंने नावां के विकास के लिए प्रयास किए। इसी अवसर पर विद्यालय सचिव विशाल कुमावत ने बच्चों को कहा की एकता में ही शक्ति हैं।एक अकेले इंसान के लिए हर समस्या से जूझना संभव नहीं किंतु जहां सब मिलकर उस कार्य को करेंगे तो वो काम आसानी से पूरा कर सकेंगे। नावां शहर के विकास के जो कार्य वर्षो से नहीं हुए वो कार्य पिछले वर्ष के उस आंदोलन से संभव हुए ओर आगे भी अगर इस प्रकार की एकता के परिचय की आवश्कता हुई तो हम सब मिलकर उसमे अपनी भागीदारी निभाएंगे।इस अवसर पर सुमन भाटी, अनिता अग्रवाल, अशफाक खान, ज्योति, फिरदौस, सुजेन, रेहाना,मंजू गांधी, नीरू आदि मौजूद रहे।

# भारतीय जैन संगठना द्वारा ब्लड कैंप लगाया तथा पौधा रोपण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन संगठना के पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 15 अगस्त को स्वास्थ्य कल्याण भवन सीतापुरा जयपुर मे जेमको डिजाइन सुनील जैन के सहयोग से 161 शीशम के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम मे बीजेएस संस्था से यश बाफना ,शरद कांकरिया, राज बाफना एवम संजय कवाड,स्वास्थ्य कल्याण भवन के अधिकारीगण मौजूद थे ऐसा बीजेएस राजस्थान प्लांटेशन हेड राजेश सिंघवी से जानकारी प्राप्त हुई।

# दिगंबर जैन महासमिति जयपुर पश्चिम संभाग ने मेंटली हैंडिकैप्ड बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 अगस्त 2024 को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति पश्चिम संभाग द्वारा श्री निर्मल विवेक मेंटली हैंडिकैप्ड स्कूल में अध्ययन करने वाले 120 विद्यार्थियों को एवं स्कूल के स्टाफ को मिठाई का वितरण किया गया। पश्चिम संभाग के अध्यक्ष निर्मल कुमार -सरला संघी ने अवगत कराया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार पांड्या, आंचलिक महामंत्री महावीर बाकलीवाल, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री डॉ राजेंद्र कुमार जैन, आंचलिक कार्याध्यक्ष डॉक्टर णमोकार जैन, महावीर नगर मंदिर के महामंत्री सुनील बज, के साथ कैलाश चन्द गोधा, राकेश सघी तथा अन्य सदस्य गणों की एवं पदाधिकारीयों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मनोज गोधा संभाग के कोषाध्यक्ष ने अवगत कराया कि स्कूल में झंडा रोहण सभी सदस्यों की उपस्थिति में तथा अन्य सदस्यों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुरेश कुमार पोद्दार, चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर मयूर यूनिकोटर्स लिमिटेड, **Mayur Ubiquoters Limited** सही 11 बजे द्वारा किया गया था। राहुल गोधा, संयोजक तथा महा समिति इनकम टैक्स कॉलोनी इकाई के अध्यक्ष ने अवगत कराया की इस अवसर पर स्कूल के मंदबुद्धि विद्यार्थियों द्वारा निर्मित राखियों की बिक्री हेतु प्रदर्शनी भी लगाई गई थी उनकी भी जमकर खरीदारी हुई। वास्तव में मंदबुद्धि बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए यह अत्यंत ही सुंदर चैरिटेबल कार्य है। स्कूल के पदाधिकारीयों द्वारा संभाग के सभी सदस्यों का माल्यार्पण कर धन्यवाद प्रेषित किया। संभाग के मंत्री महेंद्र कुमार छाबड़ा ने सभी आगंतुकों का एवं स्कूल के पदाधिकारियों का धन्यवाद प्रेषित किया ।

# स्वाधीनता दिवस पर 97 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी का किया सम्मान





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

फेडरेशन के आश्रय सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उदयपुर संगिनी मेन ने देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस हंसराज बालिका गृह में ध्वजारोहण कर मनाया ।उदयपुर संगिनी मेन की सदस्याओं ने डूंगला निवासी अभी हाल उदयपुर में निवासरत वीर शिरोमणि मेवाड़ की धरा के लाड़ले वीर सपूत 97 वर्षीये जैन स्वतंत्रता सेनानी सम्माननीय मनोहर लाल मेहता का उनके निवास स्थान पर पहुंच कर उनका आशीर्वाद लिया व 78 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी। उनको तिलक लगाया, शॉल, माला,उपरणा पहनाकर उनका सम्मान किया। संगिनी बहनों ने इस शुभ अवसर पर उन्हें श्रीफल व लड्डू भेंट किए व उनका मुंह मीठा करवाया।इस अवसर पर वह बहुत भावुक हो गए। उन्होंने भारत माता का जयघोष कियो पुरानी स्मृतियों उनके मानस पटल पर चित्रित होने लगी उनके पुत्र अशोक मेहता ने उनका संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। सभी ने मिलकर तिरंगा ध्वज लहराया व भारत माता की जय,जय हिंद ,वंदे मातरम, स्वतंत्रता सेनानी अमर रहे के नारों से वातावरण को देश भक्ति मये कर दिया ।उम्र के इस पड़ाव में भी आपके चेहरे पर देशभक्ति के प्रति वही चमक, वही जूनुन, जोश व जज्बा देखकर सभी बहुत ही अचम्भित रह गए।उनके सुपुत्र अशोक मेहता एवं पुत्रवधु नमिता ने सभी सदस्यों का स्वागत सत्कार किया।इस कार्यक्रम में ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन के साथ उपाध्यक्ष उर्मिला जैन,मंजू सरूपरिया व डॉ शिखा लोढ़ा,नमिता मेहता उपस्थित रही।आज ही के दिन ग्रुप सदस्य कुसुमे मेहता की ओर से 2100/-रूपए का जीवदया सेवा कार्य भी किया।

# जैन समाज की महिलाओं ने किया सुहाग दशमी का उपवास

**जैन मंदिरों में की विशेष पूजा अर्चना। सौभाग्यवति महिलाओं के द्वारा सुहाग दशमी का पर्व मूल रूप से अंतराय कर्मों के नाश के लिए किया जाता है एवं पति (सुहाग) की लम्बी उम्र व बच्चों एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए व्रत एवं उपवास किया जाता है...**



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू,नारेड़ा,मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया तथा लदाना सहित जैन समाज की सौभाग्यवति महिलाओं द्वारा 15 अगस्त 2024 को सुहाग दशमी का निराहार उपवास रखकर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई, एवं जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ एवं सोभाग्य दशमी व्रत की अष्टद्रव्यों से पूजा की गई ।कार्यक्रम जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के प्राचीन जिनालय आदिनाथ मंदिर में प्रातः श्री जी का अभिषेक करने के बाद राजाबाबु गोधा, चित्रा गोधा, उदित गोधा,पूर्णिमा गोधा फागी, श्रीमती मैना गंगवाल,शिखरचंद, किट्टी गंगवाल चकवाड़ा वाले, ताराचंद, विकास कुमार ,अनीता जैन गदिया सांगानेर वाले परिवार जनों की तरफ से सामूहिक रूप से जयकारों के साथ श्री जी की महाशांति धारा कर सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई,कार्यक्रम में समाज की चित्रा गोधा एवं मनभर कासलीवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सुहाग दशमी के दिन महिलाएं अखंड सौभाग्यवती होने के लिए विशेष पूजा अर्चना कर उपवास रखती है, सुहाग दशमी को शास्त्रों में अक्षय दशमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं लहरियां एवं चुनरी पहनकर पूर्ण श्रृंगारित होकर मंदिर जाकर पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना करती है। कार्यक्रम में समाज की रेखा झंडा एवं रानी नला ने अवगत कराया कि अक्षय दशमी पर्व मूल रूप से अंतराय कर्मों के नाश के लिए किया जाता है, इस दिन विवाहित महिलाएं शादी के 10 वर्ष तक सुहाग दशमी का निराहार उपवास रखती है, समाज की राजकुमारी दोषी एवं मंजू छाबड़ा ने अवगत कराया कि सुहाग दशमी को महिलाओं द्वारा पुत्र रत्न की प्राप्ति एवं सुहाग (पति) की लम्बी उम्र,व बच्चों एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए व्रत एवं उपवास किया जाता है,ओर बताया कि सुहागदशमी को सोभाग्य दशमी भी बोलते हैं ।कार्यक्रम में आज समाज की चित्रा गोधा,अजु मोदी,नीलम पीपलू, टीना झंडा प्रियंका कासलीवाल चांदनी टीबा,शिंकु झंडा,प्रिया गंगवाल,प्रिया बावड़ी सहित अनेक सौभाग्यवती महिलाओं ने सुहाग दशमी का उपवास रखकर विशेष पूजा अर्चना कर सुहाग दशमी की कथा सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया ।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजकीय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध राजकीय आयुष एकीकृत चिकित्सालय, प्रताप नगर सेक्टर- 10 में दिनांक 15 अगस्त को हर्षोउल्लास के साथ 78 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में आयुष विभाग के उपशासन सचिव सावन कुमार चायल, प्राचार्य व अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) कामिनी कौशल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी साथ ही देश की रक्षा,नारी शक्ति,नारी सुरक्षा से संबंधित संदेश प्रेषित किए ।प्राचार्य महोदय ने सभी चिकित्सक गण ,शिक्षक गण छात्र-छात्राओं व अन्य स्टाफ को देश के प्रति अपने कर्तव्य के लिए जागरूक किया।

# धुलियान में देश भक्ति गीतों के साथ तिरंगा फहराया





**धुलियान. शाबाश इंडिया।** धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल मंदिर प्रांगण में भक्तिभाव के साथ स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया, देश भक्ति गीत के साथ तिरंगा ध्वजा लहराया गया। संजय बड़जात्या ने बताया कि प्रातः हर्षोल्लास से झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया।

# इच्छाओं का निरोध ही वास्तविक स्वतंत्रता है: युवाचार्य महेंद्र ऋषि जी महाराज






**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी ने गुरुवार स्वंतत्रता दिवस आयोजित प्रवचन धर्मसा श्रध्दालुओं को संबोधित करतें हुए कहा कि आज संपूर्ण भारत देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। स्वतंत्रता, आजादी सिर्फ राजनीतिक या राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं होनी चाहिए बल्कि आगमों में भी भली-भांति इसका वर्णन हुआ है। जब हम चिंतन करते हैं तब परमात्मा के वचन हमारे सामने आते हैं। जो शिक्षित, प्रशिक्षित, संकेत को समझने वाला, ऐसा वह अश्व अपनी इच्छाओं का निरोध कर स्वतंत्र मार्ग पर आगे बढ़ता है। स्वतंत्रता का अर्थ केवल आजादी नहीं है। हम हमारी इच्छाओं के अधीन है। युवाचार्य प्रवर ने कहा जो अपनी इच्छाओं का निरोध करे, वह स्वतंत्र होता है। इच्छाएं हमारी स्वतंत्रता के लिए सबसे ज्यादा खतरा पैदा करती है। शेर को पिंजरे में डालने का सामर्थ्य, हाथी को बेड़ियां लगाने का काम लालच करता है। लालच यानी अतृप्त इच्छाएं। ये हमारे बंधन का कार्य करती है। आज आपके देश को आजाद रखना चाहते हो तो इच्छाओं पर नियंत्रण रखना होगा। आवश्यकता से अधिक दुःख किसी को गुलाम नहीं बना सकता। हमारे आसपास इच्छाओं का जाल हमें बांध देता है। जो इच्छाओं पर विजय पा लेता है, वह स्वतंत्र होता है। देश को आजादी दिलाने में देश को महापुरुषों ने कई बलिदान दिए। उन्होंने जान बचाई तो देश को बचाने के लिए और कुबार्नी भी दी, देश को बचाने के लिए। वे केवल राजनीतिक आजादी के लिए नहीं लड़ रहे थे, वे सामाजिक आजादी के लिए लड़ रहे थे। जिसका खुद पर अनुशासन है या दूसरे के शासन में रहे, वह स्वतंत्र है। उन्होंने कहा जिसकी स्वतंत्र चेतना होती है, उसका तेज झलकता है। जहां इच्छाएं हावी हो जाती है, वहां आजादी नहीं रह सकती। स्त्री को साधना के क्षेत्र में समान अधिकार देने वाले महावीर थे। हमारे अंदर सामाजिक एकता, समरसता होनी चाहिए। हम महावीर की संतान होने पर भी खुद के हाथ से गुलामी की ओर जा रहे हैं। हमने राग-द्वेष पर विजय नहीं पाई। एक साल के भीतर हमने क्षमा याचना नहीं की तो अनंतानुबंधी कर्मबंध हो जाता है। हम हमारे राग-द्वेष, इच्छाओं में बंधे रहे तो मोक्ष का तो सोच भी नहीं सकते। जो हमारे पूर्वजों, गुरुओं, स्वतंत्रता सेनानियों ने जो आजादी दिलाई है, उसे संभालकर रखना है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ के अध्यक्ष सुरेश लुनावत की अगुवाई में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान कविता अजीत कुमार कोठारी ने मासक्षमण के प्रत्याख्यान ग्रहण किया। सुमेरकंवर छाजेड़ ने 13, सीमा तातेड़ ने 14 उपवास के पचक्खाण लिए। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्याह्न फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार को नवकार मंत्र जप के लाभार्थी पदमचंद राजेशकुमार कांकरिया व अन्नदान कार्यक्रम के लाभार्थी हरकचंद बेताला परिवार थे।

## राष्ट्र सुरक्षित रहने पर ही धर्म रहेगा सुरक्षित- आचार्य सुंदरसागर महाराज

### स्वाधीनता दिवस पर सुपाश्र्वनाथ सर्किल पर ध्वजारोहण एवं पार्क में भजन संध्या



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। हर व्यक्ति ओर वस्तु स्वतंत्रता चाहती है लेकिन स्वतंत्रता हमे भगवान महावीर के सिद्धांतों पर चलकर ही मिलेगी। देश प्रेम की बाते सुनकर आनंद की अनुभूति होती है। बचपन से राष्ट्र गीत सुनकर मन में राष्ट्रीयता के भाव जागृत होते रहे है। होली, दिवाली जैसे पर्वो पर जो उमंग होती है उससे कहीं ज्यादा उमंग की अनुभूति स्वाधीनता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर होनी चाहिए। हमारा राष्ट्र सुरक्षित रहेगा तभी धर्म एवं साधु-संत भी सुरक्षित रहेंगे। यदि धर्म को सुरक्षित रखना चाहते है तो देश को सुरक्षित कर लो धर्म बच जाएगा।

## शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए डॉ. कांता मीना जिला स्तर पर हुई सम्मानित




**बीकानेर. शाबाश इंडिया।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर नगर निगम द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विभूतियों का जिला स्तर पर सम्मान किया गया। शिक्षा व साहित्य की श्रेणी में उल्लेखनीय कार्यों के लिए शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का नगर निगम आयुक्त आरएएस अर्पिता सोनी,महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित,उप महापौर राजेंद्र पंवार व पार्षद सुमन छाजेड़ द्वारा साफा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। डॉ.मीना 77वें स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम सहित अनेक सामाजिक संस्थाओ से सम्मानित हो चुकी है व इनका लेखन कार्य अनवरत जारी है।

# मुक्तानंद नगर में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 संपन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया**


मुक्तानंद नगर कॉलोनी में विकास समिति द्वारा आयोजित 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह 2024 भारी संख्या में उपस्थित सदस्यों के साथ हर्षोल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाटनी ने बताया कि मुख्य अतिथि समाजसेवी व व्यवसायी रघुवीर अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। आगंतुकों का स्वागत व अभिवादन करते हुए सचिव नवरतन शर्मा ने समारोह का संचालन किया। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने थीम 'विकसित भारत @2047' को अंगीकार करते हुए वर्ष 2027 तक कॉलोनी पूर्ण विकसित करने का लक्ष्य रखा। लीलाधर गुप्ता की हास्य कविताओं ने लोगों को खूब गुदगुदाया। कार्यकारिणी सदस्य रश्मि गुप्ता ने अपनी जोशपूर्ण प्रस्तुति में भारतीय पहचान के साथ भिन्नताओं को नकारते हुए राष्ट्र की प्रगती-उन्नति के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। समारोह के अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाटनी ने मुख्य अतिथि व उपस्थित सदस्यों को शुभकामनाओं सहित आभार प्रकट किया। समारोह में कॉलोनी के गणमान्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद पाटनी,सुमन पाटनी, मंजू जैन, गायत्री देवी, अंजना शर्मा, सीमा जैन, राजेंद्र शर्मा, सुखदेव भूव, राजमल जैन, पवन गुप्ता, मोहन गोयल, सतीश शर्मा, राजेश शर्मा, पवन खंडेलवाल, सुधीर दिक्षित, लक्ष्मण पुरुषवाणी, वेदप्रकाश दाधीच, भगवान गोयल, अक्षय जैन, मुकेश जायसवाल, और केदारमल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, रामजीलाल शर्मा, राज नारायण अग्रवाल व अन्य तथा अतिथि गण व्यापार मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जयकिशन जेठमलानी उपस्थित रहे।

# बेटी को मजबूर नहीं मजबूत बनाए

## लड़कियां स्वयं की आत्मरक्षा कैसे करें आधारित जे एस जी अनंता द्वारा आयोजित कार्यशाला







**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप अनंता ने जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशन फेडरेशन एवम्‌ मेवाड़ रीजन आश्रय सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 'सेव गर्ल्स एजुकेट गर्ल्स' कार्यक्रम के तहत आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन 'द विजडम एकेडमी ( आर एम वी ) स्कूल में 200 छात्राओ को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए । मार्कोज एकेडमी के मांगीलाल साल्वी एवम्‌तारा लोहार ने बहुत ही आसान तरीके से किस प्रकार खुद को बचाया जाए इस के कई प्रेक्टिकल उपाय छात्राओ को बताए। अध्यक्ष डा शिल्पा नाहर ने छात्राओ को बताया कि हमे अपनी शक्ति पहचानकर आत्मविश्वास के साथ आत्मीरक्षा करनी चाहिए । खुद को मजबूत बनाना हमारी मजबूरी नहीं वरन समय की आवश्यकता है । सचिव राजेश सिसोदिया ने छात्राओ को वन टू वन सेशन के लिए आमंत्रित किया । विद्यालय प्रिंसिपल सामर ने अनंता को इस नवीन प्रयास के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी इस तरह की कार्यशाला के आयोजन हेतु आमंत्रित किया । इस अवसर पर गजेन्द्र जोधावत , राजकुमार बाबेल, वंदना बाबेल, शशिकांत जैन , सुनील निवेदिता जैन, अशोक प्रिया कोठारी , मनीष मेहता आदि उपस्थित थे । कार्यशाला के बाद सभी को दूध की बॉटल वितरित की गई।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा भारत का 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य आयोजन

## 250 से अधिक सदस्यो ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा भारत का 78 वां स्वतंत्रता दिवस 250 से अधिक सदस्यों के साथ बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने बताया की मानसरोवर स्थित एसएफएस कम्युनिटी सेंटर में आयोजित इस समारोह मे डॉ. इंद्र प्रभ जैन ने झंडा रोहण किया तथा कमल कुमार संघी ने दीप प्रज्वलित किया। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष नवीन सेन जैन ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अब सब लोगों को अपनी राग-द्वेष, ईर्शा, लालच, घृणा, ताना मारने जैसी प्रवृत्तियों से भी स्वतंत्र होना चाहिए। राष्ट्रीय कैबिनेट मीटिंग के सफलतम आयोजन के लिए रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या का सम्मान किया गया। ग्रुप कार्याध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई ने बताया कि नरेंद्र कुमार पाटनी, महावीर कुमार बिलाला एवं दीन दयाल गर्ग के सौजन्य से सभी सदस्यों को राखियां वितरित की गई। ग्रुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा बाबू ने बताया की चेस खेल में जयपुर जिला, राजस्थान और राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों पुरस्कार प्राप्त करने वाली जैन समाज की 13 वर्षीय वाणी को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक मंत्री कौशल्या जैन द्वारा देशभक्ति के नृत्य एवं गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह का सफल संचालन शशी सेन जैन एवं प्रेम सेठी द्वारा किया गया। ग्रुप कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रंगारंग हाऊजी एवं लकी ड्रॉ द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।





# श्री महावीर युवा मंडल महावीर नगर के चुनाव संपन्न

## अध्यक्ष प्रशान्त जैन, मंत्री रितेश अजमेरा बने





जयपुर। श्री महावीर युवा मंडल महावीर नगर कार्यकारिणी के चुनाव गिरीश बाकलीवाल एवंम रमेश सौगानी चुनाव अधिकारी के सानिध्य में निर्विरोध संपन्न हुए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी इस प्रकार रही : अध्यक्ष प्रशान्त जैन,उपाध्यक्ष समीर जैन एवंम सोमिल ठोलिया,मंत्री रितेश अजमेरा ,संयुक्त मंत्री दर्शित पाटनी, अंचल गंगवाल,कोषाध्यक्ष मनीष पांड्या , सांस्कृतिक मंत्री शुभम बाकलीवाल एवंम विकास जैन अजमेरा, संगठन मंत्री ज्ञान चंद गंगवाल एवंम रचित गंगवाल, प्रचार प्रसार मंत्री रोहित शाह, मुख्य सलाहकार राहुल पापड़ीवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्य :अनुज गोदिका, आशीष पाण्डया, डा. अमित जैन, दीपक बज, हिमांशु छाबड़ा, रोनीक बज, रजत पहाड़िया, ऋषभ छाबड़ा, ऋषभ दीवान चुने गए।

# जैन सोश्यल ग्रुप सीकर ने श्री गोपीनाथ गौशाला में हर्षोल्लास के साथ मनाया 78वां स्वतंत्रता दिवस

## तेज बारिश के बीच भी मौजूद रहे ग्रुप के सैकड़ों सदस्य



**सीकर. शाबाश इंडिया।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जैन सोश्यल ग्रुप सीकर द्वारा सालासर रोड़ स्थित गोपीनाथ गौशाला प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया । मीडिया प्रभारी विवेक कुमार पाटोदी ने बताया कि यू तो देशभक्ति का जज्बा लिए देश का हर शख्स स्वतंत्रता दिवस के शहीदों को नमन कर रहा था , देशप्रेम में राष्ट्रीय ध्वज को देख गौरवांतित हो रहा था । बस ऐसा ही जज्बा लिए निरंतर हो रही तेज बारिश के बीच भी जैन सोश्यल ग्रुप के सैकड़ों महिला व पुरुष सदस्य देशभक्ति गीतों में झूम रहे थे ।जिसके साथ गोपीनाथ गौशाला परिवार के बुजुर्ग और नौजवान कार्यकारिणी सदस्य भी समारोह में सम्मिलित होकर तिरंगे के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कर देश के वीर शहीदों को नमन कर रहा था। समारोह में ध्वजारोहण जैन समाज के भामाशाह अनुभव सेठी व सेठी परिवार की मार्गदर्शक व प्रेरणा तीजा देवी सेठी द्वारा समस्त परिवार के साथ किया गया ।ध्वजारोहण में ग्रुप के सचिव व कोषाध्यक्ष भी सम्मिलित थे ।ग्रुप के सचिव अनिल जैन व कोषाध्यक्ष सुनील पहाड़िया ने बताया कि ग्रुप द्वारा गौशाला मे वृक्षारोपण भी किया गया , जिसमे आम, जामुन, बील, आंवला, आदि के पेड़ लगाए गौशाला में लगाए गये। पदम सेठी, नरेश जैन ने समस्त सदस्यों के साथ देशभक्ती गीत गाकर व नृत्य प्रस्तुती देकर शमां बांध दिया । समारोह में ग्रुप के सैकड़ों महिला व पुरुष सदस्य , बच्चे सम्मिलित हुए । गौशाला कार्यकारिणी द्वारा इस अवसर पर कार्यकारिणी विस्तार की घोषणा करते हुए इसमें अनुभव सेठी व राकेश मोदी को सदस्य के रूप में सम्मिलित किया ।कार्यक्रम के अंत में गौशाला परिवार द्वारा ग्रुप के समस्त उपस्थित सदस्यों का बेहतरीन आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। ग्रुप सदस्यों द्वारा जीव दया कार्यक्रम में गायों को हरा चारा, गुड़, रोटियां, दलिया खिलाया गया ।

# सौभाग्य दशमी पर जैन मंदिरों में हुए पूजा विधान

## सौभाग्य की रक्षा के लिए महिलाओं ने रखे व्रत-उपवास



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों द्वारा गुरुवार 15 अगस्त को सौभाग्य दशमी मनाई गई ।इस मौके पर दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार इसे सुहाग दशमी भी बोलते हैं। श्रावण शुक्ला दशमी को सुहाग दशमी, सौभाग्य दशमी, अक्षय (फल) दशमी को महिलाओं द्वारा पुत्र रत्न की प्राप्ति एवं अपने सुहाग(पति), बच्चों एवं परिवार की सुख समृद्धि के लिए व्रत एवं उपवास किया गया। जैन के मुताबिक इस दिन महिलाओं द्वारा पति की लम्बी उम्र एवं स्वस्थ रहने एवं खुशहाली की कामना करते हुए उपवास किया गया ।दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ



एवं सौभाग्य दशमी व्रत की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई ।श्योपुर प्रतापनगर के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में दिव्या बाकलीवाल के नेतृत्व में देवशास्त्र गुरु, आदिनाथ भगवान, देहरे वाले चंदप्रभु भगवान, शीतलनाथ भगवान, सौभाग्य दशमी पूजा एवं कथा,निर्वाण क्षेत्र की पूजा करते हुए मंत्रोच्चार के साथ 14 भगवानों के अर्घ चढाये गये।इस मौके पर दिव्या बाकलीवाल, सोनम, मिनाक्षी, दिव्या,अलका, मीनू, स्वाति, उन्नति, नेहा, कोमल जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। जनकपुरी के श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, तारो की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भी महिलाओं ने पूजा अर्चना के बाद व्रत की कथा का वाचन किया । महाआरती के बाद समापन हुआ ।सौभाग्य दशमी का उपवास करने वाली महिलाओं ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस भी मनाया। श्री जैन के मुताबिक गुलाबी लहरियां की साड़ी पहने महिलाओं ने चातुर्मास स्थलों पर जाकर आचार्य, मुनियों , आर्यिका माताजी के मंगल प्रवचन सुने एवं दर्शन लाभ एवं आशीर्वाद प्राप्त किया ।

# जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था का रजत जयंती समारोह

## डेलीगेट्स ने ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर रोपे 100 पौधे, अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति संगोष्ठी आज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देहदान- नेत्रदान- त्वचा दान व रक्तदान के क्षेत्र में गत 31 वर्षो से कार्य कर रही जैन सोश्यल ग्रुप सेंट्रल संस्था के रजत जयंती समारोह के अवसर पर शनिवार को सुबह 9बजे से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर ''अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन करेगा। अगले दिन बिड़ला सभागार में 253 देहदानी परिवार एवं 22 त्वचादानी परिवारों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस आयोजन का लेकर 100 प्रतिनधियों को सिटी पैलेस,जंतर हवा महल, अल्बर्ट हॉल सहित अन्य स्थलों को भ्रमण कराया। इसके बाद दिल्ली रोड स्थित मोहन बाड़ी में विभिन्न प्रजातियों के करीब 100 पौधे लगाए।इस मौके पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष कमल संचेती, ग्रुप के अध्यक्ष संजय सिंह बैद,सचिव सीए गुंजन छाजेड, कोर्डिनेटर सीए अषोक कुमार जैन हरकावत व सुधेंद्र चोरडिया,नवीन डोसी सहित ग्रुप के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष कमल संचेती ने बताया कि आरईसी में दधीचि देहदान समिति दिल्ली के सहयोग से होने वाली अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान जागृति विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी दीप प्रज्जवलन कर करेंगी। इस मौके पर विषिष्ट अतिथि केन्द्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा,विश्व हिन्दु परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, आयुष मंत्रालय दिल्ली के संयुक्त निदेशक विक्रम पगारिया व चिकित्सा विभाग राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह विषिष्ठ अतिथि होंगे। साम 5 बजे तक चलने वाली इस संगोष्ठी में देशभर से जुटे अतिथि व वक्ता अंगदान- देहदान- त्वचा दान - नेत्रदान के प्रति आमजन में कैसे जागरूकता लाई जाएं,इस पर मंथन कर आगामी रूपरेखा तैयार करेंगे। इस मौके पर राजस्थान के अलावा देष के कई मेडिकल कॉलेज के प्रतिनिधि व कई संगठनों के प्रतिनिधि इस संगोष्ठी में आएंगे और इस मुद्दे पर गहन मंथन करेंगे। ग्रुप के अध्यक्ष संजय सिंह बैद,सचिव सीए गुंजन छाजेड़ ने बताया कि अगले दिन 18 को बिड़ला ऑडिटोरियम में देहदानी परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड, उपमुख्यमंत्री डॉ.प्रेमचंद बैरवा, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी व चिकित्सा विभाग राजस्थान की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह आदि मौजूद रहेंगे। कोर्डिनेटर सीए अषोक कुमार जैन हरकावत व सुधेंद्र चोरडिया ने बताया कि इस मौके पर 253 देहदानी परिवार एवं 22 त्वचादानी परिवारों का सम्मान किया जाएगा।संस्था के प्रयास से अब तक 253 देहदान विभिन्न मेडिकल कॉलेज में, 22 त्वचा दान एमएमएस मेडिकल कॉलेज में, 3300 से अधिक नेत्रदान एसएम एस हॉस्पिटल व राजस्थान आई बैंक सोसायटी को करवाए जा चुके हैं,साथ ही 15 हजार से अधिक रक्तदान भी विभिन्न शिविरों के माध्यम से संस्था के सौजन्य से करवाए गए हैं ।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 398 यूनिट रक्त जुटा




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लॉयंस क्लब जयपुर मेट्रो एवं राजस्थान रोडवेज रिलीफ सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के चोमू हाऊस स्थित मुख्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 398 यूनिट रक्त जुटा। क्लब के लॉयन सुरेन्द्र जैन पांड्या ने बताया कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा एवं लॉयंस क्लब की तरफ से अध्यक्ष लॉयन अनिल जैन रिटायर्ड आइपीएस तथा लॉयन जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में 398 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। क्लब की ओर से लॉयन नेमि पाटनी तथा रोडवेज की ओर से शताराचंद जैन ने संयोजक का कार्य बखूबी निभाया गया। शिविर में क्लब की ओर से पीएमसीसी लॉयन गोविंद शर्मा, पीडीजी लॉयन गंगा शंकर गर्ग, सचिव लॉयन विमल गोलछा, कोषाध्यक्ष लॉयन अनिल जैन, लॉयन सुरेन्द्र जैन पांड्या, लॉयन रमेश सेठी, लॉयन अनिल माथुर, लॉयन एम एम वर्मा एवं रोडवेज की तरफ से कई अधिकारी उपस्थित थे।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का विशाल फुट वितरण कैंप आज




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा विशाल जयपुर फुट वितरण कैंप कल शनिवार को दोपहर 2 बजे महावीर विकलांग समिति, मालवीय नगर जयपुर परिसर मे आयोजित किया जायेगा । ग्रुप के सचिव विशुतोष चाँदवाड एवं मुख्य समन्वयक अजय बड़जात्या ने बताया कि ग्रुप द्वारा आयोजित कैंप मे 121 जयपुर फुट वितरण किये जायेगे जयपुर फुट निर्धन एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगो को लगाए जायेगे ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि इस बाबत फुट दानियों ने अपनी स्वेच्छा से फुट लगवाने के लिए आगे आये ' इस पुनीत सामाजिक कार्य के लिए ग्रुप द्वारा टीम मनोनीत की टीम मे जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ का विशाल फुट वितरण कैंप आज जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ द्वारा विशाल जयपुर फुट वितरण कैंप कल शनिवार को दोपहर 2 बजे महावीर विकलांग समिति, मालवीय नगर जयपुर परिसर मे आयोजित किया जायेगा। इस पुनीत सामाजिक कार्य के लिए ग्रुप द्वारा टीम मनोनीत की टीम मे मुख्य समन्वयक अजय बडजात्या है मनीष बिलाला, पदम कुमार सोगानी, संजय जैन अकोड़ा, अरुण बिलाला को संयोजक बनाया है पूरी टीम ने कढ़ी मेहनत कर 121 का लक्ष्य को पाया जो ग्रुप के इतिहास मे रिकॉर्ड है।